विश्व दूरसंचार एवं सूचना समाज दिवस

स्रोत: पी.आई.बी.

हाल ही में दूरसंचार विभाग (Department of Telecommunications- DoT) द्वारा **17 मई, 2024** को **"सतत् विकास के लिये डिजिटल नवाचार"** थीम के साथ विश्व दूरसंचार एवं सूचना समाज दिवस मनाया गया।

- यह 17 मई, 1865 को **अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (International Telecommunication Union- ITU)** की स्थापना की वर्षगाँठ को चिह्नित करने के लिये वर्ष **1969** से प्रतिवर्ष 17 मई को मनाया जाता है, जब **पेरिस** में पहले **अंतर्राष्ट्रीय टेलीग्राफ कन्वेंशन (International Telegraph Convention)** पर हस्ताक्षर किये गए थे।
- **टेलीमैटिक्स विकास केंद्र (Centre for Development of Telematics- C-DOT)**, दूरसंचार विभाग के प्रमुख दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास केंद्र ने **स्वदेशी दूरसंचार समाधान और प्रौद्योगिकियों** के विकास के लिये विशेष पहल **"निधि (NIDHI)" और "स्टार कार्यक्रम (STAR Program)"** की घोषणा की।
  - **स्टार कार्यक्रम** C-DOT अनुसंधान नेताओं से पी.एच.डी. छात्रों को छात्रवृत्ति और परामर्श सहायता प्रदान करता है।
  - **भारत में** दूरसंचार उद्योग अगस्त 2023 तक 1.179 बिलियन (वायरलेस + वायरलाइन सब्सक्राइबर्स (ग्राहक) के ग्राहक आधार के साथ विश्व में **दूसरा सबसे बड़ा** उद्योग है।
  - यह **डिजिटल अर्थव्यवस्था** का अभिन्न अंग है तथा **वर्ष 2025-26** तक इसके लगभग **1.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर** तक पहुँचने का अनुमान है, जो सकल घरेलू उत्पाद का लगभग **15%** है।

//



और पढ़े: भारत का उभरता हुआ दूरसंचार क्षेत्र, दूरसंचार अधिनियम 2023 के परिवर्तनकारी प्रभाव, 6G प्रौद्योगिकी